हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 7 अक्टूबर 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 पीओपी से बन रही थीं दुर्गा प्रतिमाएं राजस्व-नपा टीम ने की...



08 राशन संकट की आहटः समूह व भंडार गृहों की हड़ताल से राशन वितरण...



खबर संक्षेप

सेवा संकल्प अभियान भाजपा वाहन रैली आज

विदिशा। शमशाबाद विधानसभा क्षेत्र के पांचों मंडलों के कार्यकर्ताओं के द्वारा सेवा संकल्प अभियान के तहत 7 अक्टूबर बुधवार को "सेवा ज्योति संकल्प यात्रा" का आयोजन किया जा रहा है। इस यात्रा के अंतर्गत अपने-अपने मंडलों से निर्धारित स्थान पर एकत्रित होकर मोटरसाइकिल एवं चार पहिया वाहनों से रैली के रूप में विदिशा के लिए प्रस्थान करेंगे। विदिशा में जिला स्तरीय "विकसित भारत संकल्प सभा" के आयोजन में सम्मिलित होंगे।

ऑल इंडिया ट्रेडर्स कैट की बैठक आज

विदिशा। कान्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स कैट मध्यप्रदेश का नर्मदापुरम एवं भोपाल संभागीय सम्मेलन आज बुधवार को होगा। विदिशा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र जैन ग्वालियर के नेतृत्व में परिचर्चा का शुभारंभ होगा। समय प्रातः 11 बजे से 12.30 बजे संभागीय बैठक एवं 12.30 बजे से 1 बजे तक टेली कंपनी के अधिकारियों के द्वारा जीएसटी एवं अकाउंटिंग के लिए एक सेमिनार भी रखा गया है। महामंत्री रवि तलरेजा के अनुसार द प्राइड होटल में यह परिचर्चा होगी।

युकां करेगी प्रदर्शन

विदिशा। शहर में खराब एवं जर्जर सड़कों, जगह-जगह फैले कचरे और बिगड़ी हुई साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर युवा कांग्रेस पूर्व जिला अध्यक्ष वैभव भारद्वाज ने कहा कि सड़कों को लेकर प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शहर की वर्तमान स्थिति आम नागरिकों के साथ-साथ आगामी नवरात्रि पर्व को लेकर भी चिंता का विषय है। वैभव भारद्वाज ने कहा कि दुर्गा जी की प्रतिमाओं का आगमन शुरू होने वाला है और नवरात्रि के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु शहर के विभिन्न मार्गों से होकर पंडालों एवं धार्मिक स्थलों तक पहुंचेंगे। पूजा पंडालों के आसपास विशेष साफ-सफाई की व्यवस्था की जानी चाहिए।

शराब के लिए चाकूबाजी करने वाले को आजीवन कारावास की सजा

विदिशा। शराब पीने के लिए 500 रुपए मांगने और रुपए नहीं देने पर चाकू से हमला करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। विशेष न्यायाधीश जीसी शर्मा की अदालत ने आरोपी सुनील उर्फ तरुण राजपूत (32), निवासी विदिशा को एससी/एसटी एक्ट की धारा 3(2)(ट) में उम्रकैद तथा भादसं की धारा 327 में 7 साल सश्रम कारावास और कुल 3500 रुपए अर्थदंड से दंडित किया। गार्गी झा के अनुसार 4 अक्टूबर 2022 को शाम करीब 5 बजे फरियादी घर के सामने अपनी डीजे गाड़ी में काम कर रहा था। आरोपी ने शराब के लिए 500 रुपए मांगे। रुपए देने से मना करने पर जातिसूचक व अश्लील गालियां देकर चाकू से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने आए उसके भाई को भी चाकू मारा। अभियोजन की ओरसे जेएस तोमर और साकेत गोयल ने पैरवी की।

फोनपे से भुगतान-वाट्सअप पर लोकेशन, कॉन्टेक्टलेस डिलीवरी उजागर

झालावाड़ से सप्लाई होकर विदिशा पहुंचती रही ब्राउन शुगर, 80 ग्राम जब्त

विदिशा पुलिस द्वारा मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के विरुद्ध चलाए जा रहे "ऑपरेशन क्लीन स्वीप" के तहत थाना कोतवाली एवं थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा अलग-अलग प्रकरणों में कार्रवाई करते हुए कुल 80 ग्राम ब्राउन शुगर, 2 मोटरसाइकिल, 1 इलेक्ट्रिक ऑटो, 1 मोबाइल फोन एवं 11,640 नगदी सहित लगभग 12 लाख 81 हजार 640/- का मशरूका जप्त किया गया है। कार्रवाई के दौरान नशे की आदी सहित कुल 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

नशा सूचना हेल्पलाइन 7587637635 और डायल-112 पर दें। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रहेगी।



विदिशा। ब्राउन शुगर सप्लाई करने वाले गिरोह के आरोपियों को पकड़ने वाले विदिशा पुलिस के जवान।

- एसपी रोहित काश्वानी ने ब्राउन शुगर रैकेट को किया उजागर

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

कोतवाली पुलिस द्वारा दो अलग-अलग प्रकरणों में कुल 60 ग्राम ब्राउन शुगर जप्त कर 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। एक प्रकरण में दिनांक 3 अक्टूबर 2026 को इंडस्ट्रियल एरिया जंबार बागरी क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए मोर सिंह तंवर एवं नारायण कुशवाह उर्फ बाबा के कब्जे से 20-20 ग्राम ब्राउन शुगर जप्त की गई। एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। इसी प्रकारण दूसरे मामले में ढोलखेड़ी, बैरसिया रोड पर कार्रवाई करते हुए संदीप शर्मा एवं दिनेश मालवीय के कब्जे से 20 ग्राम ब्राउन शुगर एवं मोटरसाइकिल जप्त की गई। थाना सिविल लाइन ने भी 20 ग्राम ब्राउन शुगर सहित 4.81 लाख का मशरूका जप्त किया। सिविल लाइन पुलिस द्वारा दो अलग-अलग प्रकरणों में कुल 20 ग्राम ब्राउन शुगर, इलेक्ट्रिक ऑटो, अपाचे मोटरसाइकिल एवं 21 हजार 640 नगद जप्त किया गया तथा कुल 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। एक प्रकरण में योगेश सिंह अहिरवार, सरदार सिंह अहिरवार, विमला बाई, मोहर तंवर निवासी खिलचीपुर एवं रामप्रसाद के पर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। चौथे प्रकरण में ऋतिक कुशवाह, अभिषेक करण एवं कैलाश वाल्मीकि के नाम सामने आए। इन सभी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

राजस्थान-राजगढ़ से नशा कनेक्शन

पुलिस जांच में मादक पदार्थों की सप्लाई राजस्थान झालावाड़ से राजगढ़ होते हुए विदिशा में वितरण किए जाने की जानकारी सामने आई है। जांच में खिलचीपुर राजगढ़ से जुड़े सप्लाई लिंक की जानकारी भी प्राप्त हुई है। पुलिस द्वारा सप्लायर, स्थानीय डीलर, वितरण नेटवर्क एवं इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य व्यक्तियों की जानकारी जुटाई जा रही है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि गिरफ्तार आरोपियों में कुछ आरोपी स्वयं भी मादक पदार्थों का सेवन करते थे। नशे की लत के चलते कुछ आरोपी मादक पदार्थों की उपलब्धता एवं बिक्री से जुड़े नेटवर्क में शामिल हुए। पारिवारिक कनेक्शन एवं आपसी परिचितों के माध्यम से आरोपियों के एक-दूसरे से जुड़े होने की जानकारी भी सामने आई है। एसपी मोनिका तिवारी एवं सीएसपी अतुल सिंह के नेतृत्व में कोतवाली टीआई आनंद राज सिविल लाइन टीआई राजपाल सिंह जादौन सहित पुलिस टीम की अहम भूमिका रही।

किसान पहुंचे कलेक्ट्रेट ज्ञापन सौंपकर रखी हलाली बांध से पानी छोड़ने की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

हलाली बांध की नहरों से पानी छोड़ने की मांग रखते हुए संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले बड़ी संख्या में किसान विदिशा कलेक्ट्रेट पहुंचे। किसानों ने कलेक्टर के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपते हुए धान की फसल के लिए बांध का पानी नहरों में छोड़ने की मांग रखी। इसके साथ ही सिंचाई कनेक्शन वाली लाइन में कम से कम 12 घंटे बिजली सप्लाई देने की मांग रखी।

ज्ञापन देने के लिए पहुंचने वाले किसानों में कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता राहुल राज, राजा शर्मा सहित बड़ी संख्या में किसान शामिल रहे। कलेक्ट्रेट गेट पर किसानों ने प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की।

कलेक्टर ने चैंबर में किसानों से की चर्चा

अपनी मांगों को लेकर पहुंचे किसान कलेक्टर से चर्चा और ज्ञापन सौंपने की बात पर अड़े रहे। इसके बाद कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने किसानों के प्रतिनिधिमंडल को चैंबर में बुलाकर चर्चा की और किसानों की बात को सुना। इसके बाद कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता राहुल राज ने किसानों के साथ बाहर आकर सरकार पर किसान विरोधी होने का आरोप लगाए। इस दौरान वीर सिंह रघुवंशी, अनीस बेग, राजेंद्र सिंह, नवल सिंह, जाहिद मोहम्मद, हेमंत रघुवंशी आदि किसान मौजूद रहे।

गार्डनों में गरबे पर रोक की मांग

गार्डनों में व्यवसायिक गरबों पर रोक लगाने सौंपा ज्ञापन



विदिशा। ज्ञापन सौंपकर गरबा आयोजनों पर प्रतिबंध लगाने की मांग की।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

आगामी नवरात्रि पर्व को लेकर सकल हिंदू संगठन विदिशा ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर शहर के निजी एवं सार्वजनिक उद्यानों में होने वाले व्यावसायिक गरबा आयोजनों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की है।

ज्ञापन सौंपने वालों में महिलाओं सहित सकल हिंदू संगठन के बैनर तले कई लोग कलेक्ट्रेट पहुंचे। संगठन से जुड़े चंद्रभान सिंह बघेल का कहना है कि गरबा देवी आराधना से जुड़ी पारंपरिक धार्मिक परंपरा है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में इसके व्यावसायीकरण से आयोजन का स्वरूप बदल रहा है। ज्ञापन में गरबा आयोजनों में स्पॉन्सरशिप, टिकट-पास आधारित व्यावसायिक गतिविधियों पर रोक लगाई जाए। संगठन ने प्रवेश नियम और आचार संहिता लागू करने की मांग की गई है। साथ ही सभी प्रतिभागियों के पहचान-पत्रों का सत्यापन, सीसीटीवी कैमरों और पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही गई है।

संगठन ने गरबा के दौरान कथित आपत्तिजनक या गैरकानूनी गतिविधियों तथा सामाजिक तत्वों पर निष्पक्ष जांच के बाद कार्रवाई की मांग की। संगठन ने प्रशासन से पारंपरिक धार्मिक आयोजनों की मर्यादा बनाए रखने का अनुरोध किया। सकल हिंदू संगठन ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर धार्मिक मर्यादा और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग रखी।

विश्व हिंदू परिषद से विभाग मंत्री विक्रम रघुवंशी, विभाग सहमंत्री चंद्रभान सिंह बघेल, हिंदू जागरण मंच के देवेंद्र पवार, हिंदू बहिनी से उषा ठाकुर, एक्स आर्मी संगठन से राजाराम राजपूत, हिन्द प्रहरी संगठन से सौरभ कुशवाह, विमलेश चौबे, अनीता श्रीवास्तव, बबीता चौहान, सपन दलेरिया, जितेंद्र दांगी, मयंक मेहर सहित अनेकों संगठनों से कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मुगलसराय में अवैध शराब जब्त

विदिशा। पुलिस अधीक्षक विदिशा रोहित काशवानी के निर्देशन में जिले में नशे के अवैध कारोबार के विरुद्ध लगातार चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना मुगलसराय पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए 12 पेटी देशी मदिरा शराब सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई में शराब परिवहन में प्रयुक्त मारुति सुजुकी स्विफ्ट डिजायर कार भी जप्त की गई है। मुगलसराय पुलिस को ग्राम प्यासी चौपना रोड की ओर से एक सफेद रंग की कार तेज गति से आती हुई दिखाई दी। पुलिस टीम द्वारा वाहन का पीछा कर घेराबंदी की गई और ग्राम प्यासी के कच्चे रास्ते में गौड़ देवता के पास कार को रोककर चालक को पकड़ा गया। मामले में आरोपी जितेन्द्र यादव पुत्र बृजभान सिंह यादव, उम्र 29 वर्ष, निवासी ग्राम सारंगपुर थाना सिरोंज को गिरफ्तार किया है।

दो सौ बीघा वनभूमि हुई अतिक्रमण मुक्त

शमशाबाद के गढ़ी झिरी के जंगलों में वन विकास निगम ने चलाए ट्रैक्टर, जेसीबी

52 हेक्टेयर जमीन मुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭शमशाबाद

वन विकास निगम लगाएगा सागौन



शमशाबाद। गढ़ी झिरी के जंगलों में वनभूमि को मुक्त कराते हुए।

वन विकास निगम और पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गढ़ी एवं झिरी गांव से लगे वन क्षेत्र में करीब 52 हेक्टेयर (लगभग 200 बीघा) वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया।

कार्रवाई वन विकास निगम के संभागीय प्रबंधक, विदिशा-रायसेन परियोजना मंडल के मार्गदर्शन में की गई। कार्रवाई के दौरान अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अमरेश बोहरे, उप संभागीय प्रबंधक परियोजना केके यादव सहित वन विकास निगम परिक्षेत्र ग्यारसपुर, शमशाबाद एवं बेगमगंज के उड़नदस्ता दल तथा थाना शमशाबाद पुलिस और पुलिस लाइन विदिशा का बल मौजूद रहा। टीम ने कक्ष क्रमांक पी-239ए, 232ए एवं 232 से लगे वन क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाया। वन विभाग के अमले ने मौके पर पहुंचकर वनभूमि को कब्जे से मुक्त कराया। वन विकास निगम परिक्षेत्र अधिकारी दीपक बेहरिया ने बताया कि वन क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ लगातार कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

निरुपम सिंह परमार बने स्पेयर पार्टस संघ अध्यक्ष



विदिशा। विदिशा के स्पेयर पार्ट्स विक्रेता संघ का रविवार को निर्वाचन हुआ। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए परमार आटो पार्टस के संचालक निरुपम सिंह परमार को अध्यक्ष चुना गया। सचिव पद के लिए बलबीर सिंह राजपूत, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गुलशन खरबंदा, उपाध्यक्ष राजीव अरोड़ा, वरिष्ठ मंत्री नरेंद्र यादव, संयुक्त मंत्री मयंक श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष अखिलेश किरार एवं व्यापार महासंघ प्रतिनिधि के रूप में आशीष मोदी बाबा, विवेक शर्मा, दिनेश जैन, विशाल शर्मा का चयन किया गया। व्यापार महासंघ द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक जितेंद्र जैन एवं नवल शास्त्री ने संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष रूप से संपन्न कराई।

140 लर्निंग लायसेंस बने

विदिशा। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिला परिवहन कार्यालय द्वारा शासकीय कन्या महाविद्यालय विदिशा एवं होमगार्ड कार्यालय में सड़क सुरक्षा जागरूकता एवं लर्निंग लाइसेंस शिविर लगाया। आरटीओ स्टाफ द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं को यातायात नियम पालन, सड़क दुर्घटनाओं से बचाव की जानकारी दी। लर्निंग लाइसेंस बनवाने की ऑनलाइन प्रक्रिया के संबंध में भी विस्तार से समझाया गया। शिविर में 140 लर्निंग लाइसेंस बने।

भाजपा जिला कार्यालय में विधायक टंडन ने सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



मंगलवार को भाजपा जिला कार्यालय में विधायक मुकेश टंडन ने पार्टी के 'सहयोग सेल' के माध्यम से नागरिकों और कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनीं। कार्यक्रम के दौरान विदिशा एवं निकट क्षेत्रों से आए कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने अपनी मूलभूत समस्याओं जैसे पेयजल, सड़क, बिजली, पेंशन, राशन एवं अन्य समस्या संबंधी आवेदनों को विदिशा विधायक के समक्ष रखा। विधायक मुकेश टंडन ने आवेदकों की समस्या को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान जिला भाजपा संगठन की ओर से सहयोग सेल में डा. राहुल जैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बलवीर रघुवंशी, संतोष शर्मा, रमेश दांगी, प्रशांत खत्री, राहुल गुप्ता, विशाल बैतुले सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे। भाजपा का सहयोग सेल जनता और प्रशासन के बीच सेतु का कार्य करता है।

पुलिस अधीक्षक ने जनसुनवाई में सुनीं समस्याएं, 20 से अधिक आवेदनों का तत्काल निराकरण किया

- एसपी के निर्देश संवेदनशीलता और प्राथमिकता से आवेदनों का किया जाए निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



पुलिस अधीक्षक विदिशा रोहित काशवानी द्वारा मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनी गईं। जनसुनवाई के दौरान 20 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए। पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक आवेदक की समस्या को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना तथा संबंधित अधिकारियों से प्रकरणों की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने शिकायतों की प्रकृति के अनुसार संबंधित थाना एवं शाखा प्रभारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में मारपीट एवं पारिवारिक विवाद सहित विभिन्न पुलिस संबंधी मामलों से जुड़े आवेदन प्राप्त हुए। पुलिस अधीक्षक ने प्रकरणों के तथ्यों के आधार पर संबंधित अधिकारियों को निष्पक्ष जांच एवं नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। तत्काल हस्तक्षेप वाले मामलों में आवश्यक कार्रवाई के लिए मौके से ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

एसपी श्री काशवानी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों के निराकरण को प्राथमिकता दी जाए।

रनिंग को प्रोत्साहित करने वाले विदिशा में रनर्स ग्रुप आया सामने, अच्छी पहल

प्रत्येक माह तीन सौ किलोमीटर की रनिंग करने वाले रनर्स का सम्मान करेगा रनर्स ग्रुप, इस बार शरद कुशवाह सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

विदिशा रनर्स ग्रुप द्वारा हर महीने 300 किलोमीटर से अधिक रनिंग वर्कआउट करने वाले रनर्स को सम्मानित करने की एक शानदार पहल की गई है।

ग्रुप के संस्थापक राष्ट्रीय धावक भानु दुबे द्वारा बताया गया कि हमारा ग्रुप करीब 3 साल से लगातार रनिंग को प्रोत्साहन दे रहा है एवं ग्रुप के रनर साथी देश में सभी जगह बड़ी-बड़ी मैराथन में दौड़ने जाते हैं। अभी हाल ही में पंख मैराथन महाकाल एडिशन उज्जैन में भी ग्रुप के 15 लोग शामिल हुए थे। रनिंग सिर्फ सड़क पर दौड़ने का नाम नहीं है, बल्कि यह अनुशासन, निरंतरता, समर्पण और खुद को हर दिन बेहतर बनाने का संकल्प है। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए हमने निर्णय लिया है कि, ग्रुप में या नगर में कोई भी रनर 300 किलोमीटर 1 महीने में रनिंग वर्कआउट करता है तो उसका सामूहिक रूप से ग्रुप द्वारा सम्मान किया जाएगा।



विदिशा। विदिशा रनर्स ग्रुप रनर शरद कुशवाह का सम्मान करते हुए।

इसके तहत सितंबर माह में हमारे जुझारू रनर मित्र शरद कुशवाह ने अपनी मेहनत, जुनून और निरंतरता के दम पर 320 किलोमीटर रनिंग वर्कआउट पूरा किया। उनकी इस शानदार उपलब्धि के लिए आज सुबह स्थानीय माधव उद्यान में सभी रनिंग साथियों की उपस्थिति में उन्हें सितंबर माह का बेस्ट रनर अवार्ड से सम्मानित किया गया। शरद की यह उपलब्धि रनर्स ग्रुप के हर सदस्य के लिए प्रेरणा है कि उम्र या परिस्थितियां नहीं, बल्कि इरादा, अनुशासन और निरंतरता हमें हमारी मंजिल तक पहुंचाती है। इस अवसर पर संस्थापक भानु दुबे, खजान सिंह प्राचार्य उत्कृष्ट विद्यालय, व्यवसाई राजकुमार दुबे, कृष्ण कुमार श्रीवास्तव, राकेश शर्मा, मनिंदर सिंह संधू, कैलाश चंद्रवंशी, विशाल शर्मा, एडवोकेट माधो मोहोड़, राजीव शर्मा, सुनील शर्मा, प्रभात यादव मौजूद रहे।

बासौदा मंडी भाव

मक्का
न्यूनतम भाव-1550
उच्चतम भाव-1871
धान
न्यूनतम भाव-1600
उच्चतम भाव-3401
मसूर
न्यूनतम भाव-5800
उच्चतम भाव-9000
गेंहू
न्यूनतम भाव-1915
उच्चतम भाव-5401
उड़द
न्यूनतम भाव-3800
उच्चतम भाव-8200
चना
न्यूनतम भाव-5200
उच्चतम भाव-8200
धनिया
न्यूनतम भाव-13000
उच्चतम भाव-13000
सरसों
न्यूनतम भाव-5920
उच्चतम भाव-8000
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3600
उच्चतम भाव-6100
मूंग
न्यूनतम भाव-3700
उच्चतम भाव-7500

कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में मंगलवार को अनेक किसान अपनी उपज नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 10658 बोरे उपज की आवक दर्ज की गई।

शाम ढले बिखरी आसमां में सुनहरी छटा ....



गंजबासौदा। मंगलवार की शाम को नगर में आकाश एक अद्भुत नज़ारे का गवाह बना। घने काले बादलों को चीरती हुई सूर्य की सुनहरी किरणें जब धरती पर पड़ीं, तो पूरा मंजर स्वर्णिम हो उठा। कहीं बारिश की फुहार, तो कहीं बादलों के पीछे से झांकता सूरज... प्रकृति के इस खूबसूरत संगम ने हर किसी का मन मोह लिया। फोटो : राजा छारी

आपत्तिजनक गीत के विरोध में दिया ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

सेन समाज विकास संगठन, मध्य प्रदेश ने भोजपुरी गायक गणेश यादव द्वारा सेन समाज के पारंपरिक व्यवसाय एवं समाज की बेटियों को लेकर कथित रूप से आपत्तिजनक एवं अश्लील गीत सोशल मीडिया पर प्रसारित किया है। जिसके विरोध में राष्ट्रपति के नाम प्रशासनिक अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें कहा गया है कि उक्त गीत से सेन समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। संगठन ने मामले की निष्पक्ष जांच कर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध लागू कानूनों के तहत कठोर दंडात्मक कार्रवाई करने तथा आपत्तिजनक वीडियो को हटाने की मांग की। इस मौके पर सेन समाज विकास संगठन के प्रदेश संगठन मंत्री प्रेम नारायण सेन, केश शिल्पी जिलाध्यक्ष सौदान सिंह, सेन समाज विकास संगठन जिलाध्यक्ष डॉक्टर सुमेर सिंह सेन, प्रदीप लाहोरी, नगर अध्यक्ष राहुल सेन, रामबाबू सेन, रविंद्र सेन, हरिशंकर सेन, मुन्ना लाल सेन, लीलाधर, मोहन सेन, कैलाश सेन, मुकेश सेन, गुलशन सराठे, गोलू सेन, लक्ष्मण सिंह, हरिसिंह, खेमचंद, प्रीतम सिंह, कमलेश सेन, राजेन्द्र सेन रानू सहित अनेक समाजबंधु मौजूद थे।

पीओपी की सैकड़ों दुर्गा प्रतिमाएं जब्त, निर्माण स्थल को किया प्रशासन ने सील

पीओपी से बन रही थीं दुर्गा प्रतिमाएं राजस्व-नपा टीम ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा





नगर में पीओपी से दुर्गा प्रतिमाओं के निर्माण की सूचना पर प्रशासन ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई की। एसडीएम अनुभा जैन के निर्देशन में राजस्व विभाग एवं नगरपालिका अमले की संयुक्त टीम ने दो मूर्तिकारों के प्रतिष्ठानों पर छापामार कार्रवाई करते हुए पीओपी से बनी बडी संख्या में प्रतिमाओं को जब्त किया है और एक दुकान को सील भी कर दिया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतिबंध के बावजूद नगर में गणेशोत्सव और दुर्गा उत्सव के समय पीओपी की प्रतिमाएं बनाई और बेची जाती हैं। जबकि प्रशासन इन त्यौहारों के पूर्व ही मूर्तिकारों की बैठक लेकर उन्हें पीओपी से पर्यावरण को रहे नुकसान के बारे में बताते हुए प्रतिबंध और कार्रवाई से अवगत कराता है। साथ ही मूर्तिकारों को पीओपी की प्रतिमाएं न बनाने का भी निर्देश दिया जाता है। इसके बावजूद भी बडी मात्रा में पीओपी की प्रतिमाएं बनाई जाती हैं।

इसीलिए मंगलवार को एसडीएम अनुभा जैन के नेतृत्व में राजस्व और नपा के संयुक्त दल ने दो स्थानों पर अचानक जांच एवं कार्रवाई की। जिसमें धर्मकांटा क्षेत्र में घनश्याम मूर्तिकार के प्रतिष्ठान पर कार्रवाई की गई। उक्त स्थान पर जितेंद्र प्रजापति द्वारा पीओपी से दुर्गा प्रतिमाओं का निर्माण किया जा रहा था। कार्रवाई के दौरान टीम ने मौके पर रखी पीओपी की सैकड़ों दुर्गा प्रतिमाओं को जब्त कर लिया। इसके साथ ही जिस मकान में प्रतिमाओं का निर्माण किया जा रहा था, उसे भी सील कर दिया गया।

उधर बूढापुरा क्षेत्र में भी एक मूर्तिकार के प्रतिष्ठान पर कार्रवाई की गई और वहां भी बडी मात्रा में पीओपी की प्रतिमाएं, रासायनिक रंग, कच्ची सामग्री आदि बरामद की गई। इस प्रतिष्ठान से बडे आकार की पीओपी की प्रतिमाओं को जांच दल ने जब्त कर लिया है। जबकि मूर्तिकार की प्रतिमा बनाने की जगह खुली होने से उसे सील नहीं किया जा सका। प्रशासन अब इन मूर्तिकारों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करेगा। प्रशासन ने सभी मूर्तिकारों को पीओपी की प्रतिमाएं न बनाने के सख्त निर्देश देते हुए कार्रवाई की चेतावनी दी है। उक्त कार्रवाई के दौरान नपा सीएमओ अशोक वर्मा सहित राजस्व एवं नपा के अधिकारी, कर्मचारीगण, पटवारी आदि मौजूद रहे।

नगरपालिका कार्यालय के सामने लगाए जा रहे ब्लॉक



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

मुख्य नगर पालिका कार्यालय के सामने लंबे समय से परिसर की स्थिति खराब थी। इसे देखते हुए नगर पालिका द्वारा यहां पेबर ब्लॉक लगाए जा रहे हैं। ब्लॉक लगाने के लिए जमीन को समतल किया जा रहा है। नगर पालिका के अनुसार जमीन के समतल होने और पेवर ब्लाक लगने के बाद आने वाले समय में नगर पालिका द्वारा आयोजित विभिन्न शिविरों को व्यवस्थित रूप से आयोजित किया जा सकेगा। इससे शिविरों में आने वाले लोगों को भी सुविधा मिलेगी और कार्यालय के सामने का परिसर बेहतर एवं व्यवस्थित नजर आएगा। इस दौरान नपा सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव ने मौके पर पहुंचकर इस कार्य का निरीक्षण किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

खबर संक्षेप

नगरपालिका सीएमओ ने किया निरीक्षण



गंजबासौदा। सोमवार को मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक वर्मा द्वारा नगर के अनेक वार्डो में पहुंचकर साफ, सफाई का निरीक्षण कर नपा सफाई कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

आवेदन पर हुई तत्काल कार्रवाई



गंजबासौदा। मंगलवार को पटवारी सभागृह में जनसुनवाई का आयोजन हुआ। जिसमें नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों ने अनेक आवेदक अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए आवेदन लेकर पहुंचे। जनसुनवाई में गनपत अहिरवार निवासी बनवा जागीर के द्वारा गरीबी रेखा सर्वे सूची में नाम जोड़ने के लिए आवेदन दिया गया। जिस पर एसडीएम अनुभा जैन ने तत्काल सुनवाई करते हुए बीपीएल कार्ड बनाने के निर्देश दिए।

यूजीसी बिल 2026 के समर्थन में 11 को देंगे ज्ञापन



गंजबासौदा। ओबीसी एकता परिषद के तत्वावधान में सोमवार को आरक्षित वर्ग के अंतर्गत आने वाले ओबीसी, एससी एवं एसटी समुदायों के प्रतिनिधियों की संयुक्त बैठक सेन समाज धर्मशाला में आयोजित की गई। बैठक में सामाजिक न्याय एवं आरक्षित वर्ग से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में यूजीसी बिल 2026 के समर्थन में 11 अक्टूबर को ज्ञापन सौंपने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। कार्यक्रम को व्यवस्थित रूप से संचालित करने के लिए आरक्षित वर्ग ओबीसी-एससी-एसटी संयुक्त मोर्चा, गंजबासौदा की टीम का गठन भी किया गया, जो आगामी ज्ञापन कार्यक्रम के आयोजन एवं समन्वय का कार्य करेगी। बैठक में नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के साथ-साथ विदिशा से भी विभिन्न समाजों के प्रमुख एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे। उपस्थित प्रतिनिधियों ने कहा कि आरक्षित वर्ग के मुद्दों को लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से सामने रखने के लिए सभी समुदायों की सहभागिता आवश्यक है। बैठक में उपस्थित समाज प्रमुखों एवं प्रतिनिधियों ने तय किया 11 अक्टूबर को बड़ी संख्या में रेलवे स्टेशन पर एकत्रित होकर मुख्य मार्ग से होकर एसडीएम कार्यालय तक रैली निकालकर यूजीसी बिल 2026 के समर्थन में एसडीएम के नाम राष्ट्रपति को ज्ञापन दिया जायेगा।

विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन



गंजबासौदा। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके विधिक अधिकारों, कर्तव्यों एवं कानून के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जफर इकबाल, तृतीय न्यायाधीश बासौदा रहे। कार्यक्रम में वीरेंद्र राजपूत अधिवक्ता, आरती कुशवाहा पैरा लीगल वॉलंटियर सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे। शिविर में उपस्थित विद्यार्थियों को मुफ्त विधिक सहायता, शिक्षा का अधिकार, साइबर अपराध एवं उससे बचाव तथा लैंगिक अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम सहित विभिन्न महत्वपूर्ण कानूनी विषयों की जानकारी दी गई। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की कानूनी समस्या होने पर उचित माध्यम से सहायता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य एमसी शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी दिनेश कुमार ओझा द्वारा किया गया। वंदना मिश्रा, भारती पंथी, अनिल दुबे, सचिन ख़ापरे, स्वयंसेवक प्रशांत साहू, केशव, हर्षिता प्रजापति, चांदनी आशुतोष,पूनम,निकिता, सुमित अमित शिवा मीणा सहित शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

कलाम का जन्मदिन छात्र दिवस के रूप में मनाएगा मुस्लिम राष्ट्रीय मंच

गंज बासौदा। भारत रत्न, पूर्व राष्ट्रपति और मिसाइल मैन के नाम से मशहूर डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का जन्मदिन 15 अक्टूबर को मुस्लिम राष्ट्रीय मंच द्वारा देश में 'छात्र दिवस' के रूप में धूमधाम से मनाया जाएगा। इसको लेकर मुस्लिम राष्ट्रीय मंच गौ सेवा प्रकोष्ठ की ऑनलाइन बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में इंदौर, भोपाल, उज्जैन, जबलपुर, ग्वालियर सहित सभी जिलों के प्रांत, जिला और तहसील संयोजक जुड़े रहे।

अज्ञात चोरों ने की चोरी



गंजबासौदा। बरेठ रोड स्थित केशव वाटिका गली में रवि माथुर के घर में बीती रात अज्ञात चोरों ने हाथ की सफाई दिखाते हुए कीमती माल पर हाथ साफ कर दिया। बताया जाता है कि रवि और उनका परिवार घर के दूसरे हिस्से में था और पास के हिस्से में उनकी भाभी थीं। चोरों ने भाभी वाले कमरे में ही प्रवेश कर आभूषण आदि चुरा लिए। चोरी की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

ठेकेदार ने नहीं दी पूरी मजदूरी



गंजबासौदा। समीपस्थ ग्राम लमनिया की दर्जनों आदिवासी महिलाओं ने कोतवाली थाने पहुंचकर मजदूरी भुगतान न किए जाने की शिकायत की। लमनिया निवासी गुड्डीबाई, कलाबाई, सोनाबाई, भूरीबाई ने बताया कि ग्राम मूडरी निवासी ठेकेदार सुरेश ने उन्हें और गांव के करीब 16 मजदूरों को मक्का काटने के लिए 400 रूपए प्रतिदिन की मजदूरी पर बुलाया था। तीन दिन तक मक्का कटवाने के बाद ठेकेदार ने उन्हें 200 रूपए प्रतिदिन की मजदूरी ही दी है। पूरी मजदूरी मांगने पर गाली गलौंच एवं धमकी दी जा रही है। आदिवासी मजदूरों ने पुलिस से इस मामले में कार्रवाई करते हुए उन्हें पूरी मजदूरी का भुगतान कराने की मांग की है।

सेवा संकल्प अभियान के तहत हो रहे आयोजन

नशा मुक्ति को लेकर नगर में निकली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर गत 17 सितंबर से शुरू हुए सेवा संकल्प अभियान के तहत भाजपा द्वारा नियमित रूप से तरह तरह के आयोजन किए जा रहे हैं। जिसमें सामाजिक कार्यों के साथ ही पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, पोषण, जन जागरण, योजनाओं के लाभ देते सहित अन्य कार्यक्रम शामिल हैं। इसी के तहत मंगलवार को भी नगर में भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने नशामुक्ति को लेकर विशाल रैली निकालकर जयस्तंभ चौक पर प्रदर्शन किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सेवा संकल्प अभियान के तहत विधायक हरिसिंह रघुवंशी के नेतृत्व में जनपद पंचायत परिसर में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद अध्यक्ष नीतू देवेन्द्र रघुवंशी, नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव सहित मंडल अध्यक्ष और सभी मोर्चों प्रकोष्ठों के पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस बैठक में नशा मुक्ति को लेकर चर्चा की गई और नशे के खिलाफ अभियान चलाते हुए जनपद पंचायत से लेकर जयस्तंभ चौक तक रैली निकाली गई। जिसमें महिला कार्यकर्ताओं सहित सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारी हाथों में नशे के खिलाफ नारे लिखी हुई तख्तियां लेकर चल रहे थे। कई कार्यकर्ता नशे के कारोबार और नशे से होने वाले दुष्परिणामों को लेकर नारेबाजी करते हुए भी शामिल रहे। जयस्तंभ चौक पर पहुंचने पर रैली का समापन करते हुए प्रदर्शन किया गया। उधर जनपद अध्यक्ष नीतू देवेन्द्र रघुवंशी ने बताया कि अब सेवा संकल्प अभियान के तहत बुधवार को सुबह सभी कार्यकर्ता तहसील के लाल परेड ग्राउंड में एकत्रित होंगे जहां से वाहन रैली के रूप में विदिशा पहुंचेंगे। विदिशा से कार्यकर्ता अभियान की ज्योति लेकर वापस लौटेंगे। उन्होंने भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं से सुबह वाहन रैली में बडी संख्या में शामिल होने की अपील की है।

वरिष्ठजनों को मिला सम्मान



गंजबासौदा। दानवीर सेठ रामलाल की 125 वीं जन्मजयंती वर्ष के अवसर पर सकल जैन समाज ने 75 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठजनों का सम्मान कर समाज में बुजुर्गों के प्रति आदर और संस्कार की मिसाल पेश की। समारोह में करीब 50-60 वरिष्ठजनों का सम्मान किया गया। 102 वर्षीय कपूरचंद जैन के सम्मान से सम्मान श्रृंखला का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक हरिसिंह रघुवंशी, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक निशंक जैन, अखिल भारतीय वैश्य समाज के संरक्षक हरीबाबू अग्रवाल, नागरिक सेवा समिति के उपाध्यक्ष डॉ. डीपी शर्मा, सकल जैन समाज के संरक्षक डॉ विमलचंद ओसवाल, शैलेंद्र दीक्षित एवं कार्यक्रम के आयोजक दानभूषण परिवार से हीरा लाल जैन, ताराचंद जैन , शिखर चंद जैन रहे एवं मंच पर विराजित आत्मानंद, चिदानंद, राजेंद्र, मुन्नी दीदी ने अपने उद्बोधन दिए। मुनिराज धर्मघोष विजय महाराज ने कहा कि वरिष्ठजन समाज की अनुभव और संस्कारों की धरोहर हैं। उनका सम्मान केवल उनका सम्मान नहीं, बल्कि युवा पीढ़ी को जीवन का मार्गदर्शन देने का माध्यम है। विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने कहा कि भौतिकता के इस दौर में वरिष्ठजनों का सम्मान और अधिक आवश्यक हो गया है। ट्रस्ट अध्यक्ष दानभूषण सेठ हीरालाल जैन ने तरण तारण जैन हायर सेकेंडरी स्कूल की स्थापना एवं उसके विकास में पूर्वजों के योगदान की जानकारी दी। कार्यक्रम का संयोजन सतीश जैन मंत्री ने किया तथा संचालन रविन्द्र जैन ने किया।

टोंक में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कला पर्व में नगर के दो वरिष्ठ चित्रकार भी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



अंतरंग कला एवं एजुकेशन वेलफेयर सोसाइटी, टोंक एवं राजस्थान ललित कला अकादमी, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में गत 2 से 4 अक्टूबर तक 20 वें अंतरराष्ट्रीय कलापर्व क्रेयान्स का आयोजन किया गया। जिसमें नगर के भी दो कलाकार सुरेन्द्र भारद्वाज और बाल किशन मित्तल बल्ला भैया ने अतिथियों के रूप में सहभागिता की।

अंतर्राष्ट्रीय कलापर्व क्रेयॉन्स के जिला प्रवक्ता शैलेन्द्र शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुनीता राणा वरिष्ठ चित्रकार नेपाल रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिप्लव बिजॉय दत्ता वरिष्ठ चित्रकार सर जे.जे. स्कूल ऑफ आर्ट मुम्बई ने की। कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि शंकर सिंह राजावत वरिष्ठ चित्रकार जयपुर राजस्थान, चन्दन कर्मकार वरिष्ठ चित्रकार शांति निकेतन पश्चिम बंगाल, नानजी भाई राठौड़ वरिष्ठ चित्रकार कच्छ गुजरात, सुरेन्द्र कुमार मेहरडा सी.ओ. स्काउट टोंक राजस्थान, बाल किशन मित्तल वरिष्ठ चित्रकार, सुरेन्द्र भारद्वाज वरिष्ठ चित्रकार गंजबासौदा विदिशा मध्य प्रदेश, राजीव कुमार रावत वरिष्ठ चित्रकार, पंकज हरजाई वरिष्ठ चित्रकार, दिल्ली,डॉ. प्रदीप गहलोत चिकित्सा एवं समाजसेवी टोंक, रोहित कुमावत रोटरी क्लब टोंक, राधेश्याम शर्मा एवं राम प्रसाद शर्मा भारत विकास परिषद टोंक रहे। कार्यक्रम संयोजक डॉ. हनुमान सिंह राजावत ने बताया कि इस कार्यक्रम में रूस एवं नेपाल सहित भारत देश के विभिन्न राज्यों पंजाब, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, उत्तराखण्ड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, जम्मू और कश्मीर, ओड़ीसा, बिहार, हरियाणा, पंजाब से पधारे हुए कलाकारों ने भाग लेकर अपनी कला का जलवा दिखाया। कार्यक्रम सचिव पुष्पेंद्र जैन ने बताया कि इस कार्यक्रम में चित्रकला, मूर्तिकला एवं विभिन्न कल विधाओं में अपनी उत्कृष्ट कला प्रदर्शन करने पर विभिन्न श्रेणियों में प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए।

खबर संक्षेप

कलेक्टर की पहल से दो सगे भाइयों के तत्काल बने दिव्यांगता प्रमाण-पत्र

विदिशा। जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों के त्वरित निराकरण की दिशा में कलेक्टर अंशुल गुप्ता की संवेदनशील पहल से ग्राम आनंदपुर निवासी दो सगे भाइयों को बड़ी राहत मिली। दोनों भाइयों द्वारा दिव्यांगता प्रमाण-पत्र बनवाने के लिए प्रस्तुत आवेदन पर कलेक्टर ने तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। ग्राम आनंदपुर निवासी रतन सिंह एवं पप्पू सिंह लोधी जनसुनवाई में दिव्यांगता प्रमाण-पत्र बनवाने की मांग लेकर पहुंचे थे। कलेक्टर श्री गुप्ता ने उनकी समस्या को गंभीरता से लेते हुए मौके पर ही सिविल सर्जन डॉ. अनूप वर्मा को दोनों भाइयों के दिव्यांगता प्रमाण-पत्र तत्काल बनवाने के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देशों के बाद स्वास्थ्य विभाग ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए मेडिकल बोर्ड के माध्यम से दोनों भाइयों का आवश्यक चिकित्सकीय परीक्षण कराया। लगभग दो घंटे के अंतराल में ही दोनों के दिव्यांगता प्रमाण-पत्र जारी कर दिए गए। इस त्वरित कार्रवाई से दोनों भाइयों के जिला मुख्यालय आने का उद्देश्य उसी दिन पूरा हो गया। उन्होंने बताया कि प्रमाण-पत्र के अभाव में उन्हें विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ लेने में कठिनाई हो रही थी। दिव्यांगता प्रमाण-पत्र प्राप्त होने से अब दोनों भाई शासन द्वारा दिव्यांगजनों के लिए संचालित पेंशन, सामाजिक सुरक्षा एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ सकेंगे। कलेक्टर अंशुल गुप्ता की पहल और स्वास्थ्य विभाग की तत्परता से दो जरूरतमंद नागरिकों को बिना अनावश्यक विलंब के आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध हो सके है।

शासकीय आईटीआई विदिशा में हीरो मोटोकॉर्प का ओपन कैंपस 8 को

विदिशा। विश्व की अग्रणी दोपहिया वाहन निर्माता कंपनी हीरो मोटोकॉर्प प्राइवेट लिमिटेड (नीमराना, राजस्थान) द्वारा शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (ITI) विदिशा में एक दिवसीय ओपन कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन 8 अक्टूबर प्रातः 10 बजे से शासकीय आईटीआई विदिशा, गुरारिया हवेली रोड, कालापाठा, जज कॉलोनी के पास विदिशा (म.प्र.) में किया जा रहा है। इस भर्ती अभियान में पुरुष एवं महिला दोनों अभ्यर्थियों के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध हैं। इच्छुक एवं पात्र उम्मीदवार निर्धारित तिथि और समय पर सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। पात्रता मानदंडः शैक्षणिक योग्यताः 10वीं उत्तीर्ण ,12वीं उत्तीर्ण, ITI उत्तीर्ण (सभी ITI ट्रेड्स पात्र हैं, COPA ट्रेड को छोड़कर), डिप्लोमा एवं अन्य स्नातक उत्तीर्ण वर्षः 2021 से 2025 के उत्तीर्ण छात्र तथा 2026 परिणाम की प्रतीक्षा कर रहे (Appearing) विद्यार्थी भी पात्र हैं। जिनकी आयु सीमा 18 से 26 वर्ष हो एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ एवं योग्य। वेतन एवं अन्य सुविधाएंः मासिक सीटीसी (CTC): 19,988/- प्रति माह, इन-हैंड वेतनः 16,676/- प्रति माह एवं अप्रेंटिसशिप स्टाइपेंडः 19,500/- प्रति माह है। अन्य लाभः 6 दिन निःशुल्क भोजन व्यवस्था, यूनिफॉर्म (ड्रेस) एवं जूते, परिवहन हेतु (बस) सुविधा। संपर्क सूत्रः भर्ती प्रक्रिया से संबंधित अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 7000867951 पर संपर्क किया जा सकता है।

शासकीय आईटीआई में अंगदान संकल्प अभियान

विदिशा। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), विदिशा में मंगलवार को अंगदान संकल्प अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशिक्षणार्थियों एवं स्टाफ को अंगदान के प्रति जागरूक करना तथा समाज में इस विषय पर सकारात्मक सोच का प्रसार करना था। कार्यक्रम में अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय से नोडल अधिकारी डॉ. प्रदीप बाल्मीकि एवं डॉ. अभिनीत सिंह यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को अंगदान के महत्व, इसके सामाजिक एवं मानवीय पक्ष तथा अंगदान की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

आंगन मिलन कार्यक्रम का आयोजन

विधायक ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



मंगलवार को 'आंगन मिलन' कार्यक्रम के अंतर्गत विधायक उमाकांत शर्मा ने नगर की चार आंगनवाड़ियों का भ्रमण कर आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं उपस्थित माताओं-बहनों से संवाद किया।

विधायक श्री शर्मा ने वार्ड क्रमांक 2, 3, 10 (ब) एवं 19 (स) स्थित आंगनवाड़ी केंद्रों पर पहुंचे, इस दौरान उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं से केंद्रों पर संचालित गतिविधियों तथा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ली। साथ ही नवीन आंगनवाड़ी भवनों का अवलोकन कर वहां उपलब्ध व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं देखभाल से संबंधित गतिविधियों के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। जिसमें विधायक श्री शर्मा ने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और सर्वांगीण विकास के साथ शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उनका समर्पण और सेवा भाव निश्चित रूप से मजबूत एवं विकसित समाज की नींव तैयार करने में सहायक है। इस अवसर पर आंगनवाड़ी केंद्रों में उपस्थित बच्चों एवं माताओं-बहनों को लड्डू का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष मनोज साईनाथ, संतोष चोरे, हरिबाबू भार्गव, अनिल यादव, हरिचरण अहिरवार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर के अवसर पर मध्यप्रदेश में 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 26 सितंबर से 5 अक्टूबर तक 10 दिवसीय 'आंगन मिलन' कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिनका उद्देश्य महिलाओं एवं बच्चों के कल्याण तथा सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए किए जा रहे प्रयासों को महत्वपूर्ण बताया है।

छात्रा वर्षा विश्वकर्मा द्वारा बनाए गए प्रधानमंत्री मोदी के चित्र को भी देखा

आंगनवाड़ी केंद्रों के भ्रमण के बाद विधायक उमाकांत शर्मा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने छात्राओं से संवाद करते हुए शिक्षा के महत्व पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही सशक्त मानव और सशक्त समाज के निर्माण का सबसे मजबूत आधार है। विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ अपनी प्रतिभा और रचनात्मक क्षमता को भी निरंतर विकसित करना चाहिए, इस दौरान विधायक ने विद्यालय की छात्रा वर्षा विश्वकर्मा द्वारा बनाए गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चित्र का अवलोकन किया। छात्रा वर्षा ने अपने द्वारा बनाए गए चित्र के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिवस की शुभकामनाएं भी दी। विधायक श्री शर्मा ने छात्रा की प्रतिभा की सराहना करते हुए उसका उत्साहवर्धन किया तथा उपस्थित छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

रैम्प कार्यशाला में उद्यमियों को योजनाओं और व्यवसाय विकास की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



कलेक्टर पाल के मार्गदर्शन में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग की योजना के तहत होटल राम सरोज में दो दिवसीय रैम्प कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में उद्यमियों एवं स्वसहायता समूहों को केंद्र एवं राज्य शासन की उद्यमिता से संबंधित महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य जिले के उद्यमियों, आकांक्षी युवाओं एवं स्वसहायता समूहों को शासन की विभिन्न योजनाओं से अवगत कराने के साथ वित्तीय जागरूकता, व्यवसाय के औपचारिकीकरण, गुणवत्ता सुधार, बौद्धिक संपदा एवं सतत व्यवसाय संचालन के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में संयुक्त संचालक उद्योग टी.आर. रावत, जी.एल. पुनताम्बेकर, प्राध्यापक (रि.) डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय, अरविन्द भाई, अध्यक्ष लघु उद्योग भारती, दवेंदर सिंह चावला, सरनेन्द्र जैन, अध्यक्ष साइट, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र सागर सहित उद्यमीगण उपस्थित रहे।

कार्यशाला के प्रथम दिवस उद्यमियों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेकर अपने व्यवसाय को सुचारू रूप से संचालित करने तथा निरंतर आगे बढ़ाने के लिए मार्गदर्शन दिया गया। इस दौरान प्रोत्साहन योजना एवं मध्यप्रदेश डैडम् भू-आवंटन नियमों की जानकारी भी प्रदान की गई। जी.एल. पुनताम्बेकर ने उद्यमियों को ''कॉस्ट एकाउंटिंग'' विषय पर सहज भाषा में जानकारी देते हुए उत्पादन लागत कम करने के विभिन्न तरीकों के बारे में विस्तार से बताया। वहीं लघु उद्योग भारती, सागर के जिलाध्यक्ष श्री अरविन्द भाई जी ने कहा कि जिले में लघु उद्योग स्थापित करने के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध हैं। उन्होंने उद्यमियों से शासन की योजनाओं का लाभ लेकर जिले में उद्योग एवं व्यवसाय को बढ़ावा देने का आह्वान किया। दो दिवसीय कार्यशाला के प्रथम दिवस प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिभागियों को मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना'' जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी एवं व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यशाला में व्यवसाय को औपचारिक रूप देने, वित्तीय प्रबंधन को बेहतर बनाने, उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार, बौद्धिक संपदा की सुरक्षा, स्थानीय उत्पादों की पहचान एवं ब्रांडिंग तथा संसाधनों के कुशल उपयोग जैसे विषयों पर विषय-विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को जानकारी दी। कार्यशाला का ''द्वितीय दिवस स्टार्टअप अवेयरनेस, सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नेशनल इनोवेशन चौलेंज, ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड्स अवेयरनेस एवं वित्तीय जागरूकता'' जैसे विषयों पर केंद्रित रहेगा।

छात्रवृत्ति योजना वर्ष 2025-26 हेतु आवेदन आमंत्रित

सागर। राज्य सैनिक बोर्ड द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 के अंतर्गत छात्रवृत्ति हेतु जिले में निवासरत पूर्व सैनिकों के आश्रित बच्चों एवं पूर्व सैनिक विधवाओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक आवेदक कक्षा 1 से स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम तक के लिए अपना आवेदन दिनांक 23 नवम्बर 2026 तक जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, सागर में ऑनलाइन प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

सार्थक एप से उपस्थिति दर्ज न होने पर सचिवों व रोजगार सहायकों ने पूर्वमंत्री से लगाई गुहार



गढ़ाकोटा। सार्थक एप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज नहीं होने के कारण वेतन रोके जाने से नाराज जनपद पंचायत रहली के पंचायत सचिवों एवं रोजगार सहायकों ने सोमवार को पूर्व मंत्री एवं विधायक पं. गोपाल भार्गव से मुलाकात कर अपनी समस्या रखी। सचिवों एवं रोजगार सहायकों ने बताया कि सार्थक एप की तकनीकी एवं व्यावहारिक दिक्कतों के कारण उपस्थिति दर्ज नहीं हो सकी, जिसके चलते उनका वेतन रोक दिया गया है। उन्होंने इसे कर्मचारियों के लिए अव्यवहारिक बताते हुए वेतन भुगतान कराने की मांग रखी। समस्या सुनने के बाद पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव ने संबंधित जनपद प्रशासन को आवश्यक निर्देश देते हुए कर्मचारियों के वेतन भुगतान की कार्रवाई करने को कहा। इस अवसर पर पंचायत सचिव संगठन मध्यप्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह राजपूत सहित रहली जनपद क्षेत्र के सचिव एवं रोजगार सहायक उपस्थित रहे। कर्मचारियों ने समस्या के निराकरण के लिए पूर्व मंत्री भार्गव का आभार व्यक्त किया।

कार की डिग्गी से 600 क्वार्टर देशी शराब बरामद, आरोपी गिरफ्तार

थाना मुगलसराय पुलिस की कार्रवाई में 12 पेटी देशी शराब जब्त

8.60 लाख का मशरूका बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में जिले में नशे के अवैध कारोबार के विरुद्ध लगातार चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना मुगलसराय पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए 12 पेटी देशी मदिरा शराब सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

कार्रवाई में शराब परिवहन में प्रयुक्त मारुति सुजुकी स्विफ्ट डिजायर कार भी जप्त की गई है। बरामद मशरूका की कुल कीमत लगभग 8 लाख 60 हजार है। वही थाना मुगलसराय पुलिस को ग्राम प्यासी चौपना रोड की ओर से एक सफेद रंग की कार तेज गति से आती हुई दिखाई दी। पुलिस टीम द्वारा वाहन का पीछा कर घेराबंदी की गई और ग्राम प्यासी के कच्चे रास्ते में गौड़ देवता के पास कार को रोककर चालक को पकड़ा गया। वाहन की तलाशी लेने पर उसकी डिग्गी में 11 पेटी (कार्टून) देशी मदिरा मसाला शराब एवं 01 पेटी देशी मदिरा प्लेन शराब, कुल 12 पेटी, जिनमें 600 क्वार्टर शराब रखी हुई थी, बरामद की गई। पुलिस द्वारा शराब एवं परिवहन में प्रयुक्त मारुति सुजुकी स्विफ्ट डिजायर कार को विधिवत जप्त किया गया। बरामद 12 पेटी देशी मदिरा कीमती 60,000 एवं कार कीमती 8,00,000, कुल मशरूका लगभग 8,60,000 है।



मामले में आरोपी जितेन्द्र यादव पुत्र बृजभान सिंह यादव, उम्र 29 वर्ष, निवासी ग्राम सारंगपुर, थाना सिरोंज के विरुद्ध अपराध क्रमांक 143/26, धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। उक्त कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मोनिका तिवारी एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अमरेश बोहरे के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी मुगलसराय उनि प्रकाश भिलाला के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा की गई। इस दौरान कार्यवाही में थाना प्रभारी उनि प्रकाश भिलाला, प्रधान आरक्षक संतोष कुमार, आरक्षक राजकुमार रघुवंशी, आकाश राणा, नीरज राय, रतिराम अहिरवार, महिला आरक्षक बालकुमारी एवं आयुषी मीणा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

अतिथि शिक्षक ही मिले मौजूद, प्राथमिक शाला हिम्मतपुर में 36 विद्यार्थियों का दर्ज है नामांकन

स्कूल में एक भी बच्चा नहीं मिला उपस्थित

निरीक्षण के दौरान कक्षा रही सूनी



हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्यारसपुर

जनपद शिक्षा केंद्र अंतर्गत प्राथमिक शाला हिम्मतपुर में मंगलवार दोपहर उस समय शिक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए, जब स्कूल की कक्षा में एक भी विद्यार्थी उपस्थित नहीं मिला। स्कूल में कुल 36 विद्यार्थियों का नामांकन दर्ज है, लेकिन मौके पर एक भी बच्चा कक्षा में मौजूद नहीं था। कक्षा में अतिथि शिक्षक रवि सिंह रघुवंशी ही उपस्थित मिले। जानकारी के अनुसार स्कूल के व्यवस्थापक बाबूलाल अहिरवार किसी कार्य से बीआरसी कार्यालय गए हुए थे, जबकि शिक्षिका पूजा तिवारी ग्यारसपुर में प्रशिक्षण में शामिल होने गई थीं। ऐसे में स्कूल में मौजूद अतिथि शिक्षक ही व्यवस्था संभालते मिले। एक ओर जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग द्वारा लगातार स्कूलों में शत-प्रतिशत विद्यार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए जा रहे हैं, वहीं हिम्मतपुर प्राथमिक शाला में एक भी विद्यार्थी का उपस्थित नहीं होना व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

सोयाबीन कटाई के चलते बच्चों के अनुपस्थित होने की संभावना

इस संबंध में जब बीआरसी ज्ञानसिंह अहिरवार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि हिम्मतपुर में अधिकांश आदिवासी परिवार निवास करते हैं। सोयाबीन की कटाई का समय चल रहा है, जिसके चलते बच्चे अपने माता-पिता के साथ काम के सिलसिले में इधर-उधर आते-जाते रहते हैं। संभव है कि इसी कारण मंगलवार को बच्चे स्कूल में उपस्थित नहीं हुए हों। बीआरसी ने कहा कि प्रभारी शिक्षक को निर्देशित किया जाएगा कि स्कूल में विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। अब देखना होगा कि विभाग के निर्देशों के बाद स्कूल में विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति को लेकर क्या प्रभावी कदम उठाए जाते हैं।

स्वास्थ्य विभाग की बड़ी कार्रवाई

झोलाछाप डॉक्टर की क्लीनिक सील

शिकायतों के बाद नौलास गांव में मेडिकल टीम ने की कार्रवाई, आगे भी अभियान जारी रखने के संकेत

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्यारसपुर



क्षेत्र में बिना वैध पंजीयन एवं आवश्यक अनुमति के संचालित की जा रही क्लीनिकों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी क्रम में ग्यारसपुर जनपद क्षेत्र के ग्राम नौलास में स्वास्थ्य विभाग की ब्लॉक मेडिकल टीम ने कार्रवाई करते हुए आनंद कुमार विश्वास की क्लीनिक को सील कर दिया। बीएमओ नत्थी अहिरवार ने बताया कि क्षेत्र में लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थीं कि कुछ लोग बिना वैध चिकित्सा पंजीयन एवं आवश्यक अनुमति के मरीजों का उपचार कर रहे हैं। शिकायतों में मरीजों को अधिक मात्रा में दवाएं देने और उनके स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किए जाने की बात भी सामने आई थी। जांच के दौरान संबंधित क्लीनिक का आवश्यक पंजीयन नहीं पाया गया, जिसके बाद नियमानुसार क्लीनिक को सील करने की कार्रवाई की गई। बीएमओ ने कहा कि जिला कलेक्टर एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई है और क्षेत्र में बिना वैध अनुमति संचालित क्लीनिकों की जांच का अभियान आगे भी जारी रहेगा। कार्रवाई के दौरान बीएमओ के साथ फार्मासिस्ट, पुलिस प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे। स्वास्थ्य विभाग की इस कार्रवाई के बाद बिना वैध दस्तावेजों के चिकित्सा सेवाएं संचालित करने वालों में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है।

कई मामलों में मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों को तलब कर आवश्यक निर्देश दिए

कलेक्टर अंशुल गुप्ता आवेदकों के बीच पहुंचे, खड़े होकर सुनीं समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



जिले के नागरिकों की जनसमस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने आज जिला मुख्यालय विदिशा में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में स्वयं आवेदकों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनीं।

जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने अधिकारियों की निर्धारित बैठक व्यवस्था तक सीमित न रहकर सीधे आवेदकों के बीच जाकर एक-एक आवेदनकर्ता से संवाद किया। उन्होंने प्रत्येक समस्या को ध्यानपूर्वक सुना तथा कई मामलों में मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों को तलब कर आवश्यक निर्देश दिए, ताकि समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जा सके। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ सुरभि तिवारी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी आवेदकों के बीच पहुंचे और उनकी समस्याओं एवं मांगों को गंभीरता से सुना। मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में 180 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 97 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कर दिया गया। शेष आवेदनों के निराकरण के लिए संबंधित विभागों द्वारा समय-सीमा में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त आवेदनों पर संवेदनशीलता, प्राथमिकता एवं गंभीरता के साथ कार्यवाही सुनिश्चित करें ताकि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान हो सके और शासन-प्रशासन के प्रति नागरिकों का विश्वास और अधिक सुदृढ़ हो।

जनसुनवाई में बुजुर्गों को मिली राहत

जिला मुख्यालय पर आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने संवेदनशीलता और तत्परता का परिचय देते हुए बुजुर्ग आवेदिकाओं की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित कराया। जनसुनवाई में पहुंची वृद्ध महिलाओं की पीड़ा को गंभीरता से सुनते हुए कलेक्टर ने मौके पर ही अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए, जिसके सकारात्मक परिणाम भी तत्काल सामने आए। जनसुनवाई में सिरोंज नगर के वार्ड क्रमांक-17 निवासी सावित्री बाई सोनी फौती नामांतरण नहीं हो पाने की समस्या लेकर पहुंची थीं। उन्होंने बताया कि कई वर्षों से लगातार प्रयासों के बावजूद उनकी समस्या का समाधान नहीं हो सका है। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सिरोंज नगर पालिका के सीएमओ से चर्चा की और आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। ग्राम घटवार निवासी बुजुर्ग आवेदिका कुसुमबाई ने अपनी भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत जनसुनवाई में प्रस्तुत की। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित तहसीलदार को तत्काल निर्देश दिए कि मौके पर जांच कर कब्जा हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सिरोंज तहसील के ग्राम घटवार निवासी श्री मुन्नीलाल सिंह ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि एवं मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के अंतर्गत पात्र होने के बावजूद राशि प्राप्त नहीं होने की समस्या बताई। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि तकनीकी अथवा दस्तावेज संबंधी बाधाओं की तत्काल जांच कर कारणों का निराकरण किया जाए, जिससे आवेदक को आगामी किस्तों का लाभ समय पर प्राप्त हो सके। इसी प्रकार ग्राम बामोरा निवासी हेमराज मीणा ने डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना के अंतर्गत डेयरी इकाई हेतु ऋण स्वीकृत नहीं होने की शिकायत प्रस्तुत की। मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने पात्रता अनुसार ऋण उपलब्ध कराने की कार्रवाई सुनिश्चित कराई तथा संबंधित बैंक से समन्वय स्थापित करते हुए आवेदक को आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कराने के लिए एसबीआई बैंक भेजा गया। जनसुनवाई के दौरान ग्राम पारधा के धीरज सिंह ने निवासरत भूमि का पट्टा प्रदान किए जाने का आवेदन प्रस्तुत किया।

न्यायालय तहसीलदार तहसील कुरवाई, जिला- विदिशा म.प्र.

प्र.क.-0002/अ-20(5)/2026-27
कुरवाई, दिनांक 23.09.2026
मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर परिषद कुरवाई जिला विदिशा .....आवेदक
विरूद्ध
मध्य प्रदेश शासन .....अनावेदक

// विज्ञप्ति //

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कस्बा कुरवाई में गीता भवन स्थापना हेतु कस्बा कुरवाई स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 525/1/1 रकबा 0.230 हे. भूमि के आवंटन की मांग मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर परिषद द्वारा चाहे जाने हेतु म.प्र. नजूल निर्वर्तन निर्देश 2020 में विहित प्रावधान के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया है जिसका आवंटन प्रकरण इस न्यायालय में गतिशील है। अतः उक्त प्रकरण के संबंध किसी हितबद्ध पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो वह नियत दिनांक 08.10.2026 को या इसके पूर्व न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकता है। विहित अवधि उपरांत प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 23.09.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

तहसीलदार
तहसील कुरवाई

दुर्गोत्सव, दशहरा त्यौहार के बीच गरीब परिवारों की बढ़ सकती है परेशानी

राशन संकट की आहट: समूह व भंडार गृहों की हड़ताल से राशन वितरण प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शारदीय नवरात्रि पर्व और विजयादशमी त्योहार के बीच गरीब परिवारों के लिए राशन जुटाना मुश्किल हो सकता है। जिले में उपभोक्ता भंडार, स्व-सहायता समूह और मार्केटिंग सोसायटियों से जुड़ी राशन दुकानों के विक्रेता प्रदेश स्तरीय हड़ताल पर हैं। इसके चलते 1 अक्टूबर से 7 अक्टूबर तक रायसेन जिले की करीब 50% राशन दुकानों पर वितरण बंद रहेगा। फिलहाल कृषक सेवा साख और प्राथमिक सेवा सहकारी समितियों से संचालित दुकानों के माध्यम से राशन वितरण किया जा रहा है। ऐसे में जिन उपभोक्ताओं की राशन दुकान हड़ताल के दायरे में है, उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। राशन विक्रेता संघ के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष मुकेश धाकड़ ने बताया कि संगठन अपनी 5 सूत्रीय मांगों को लेकर 1 से 7 अक्टूबर तक हड़ताल पर है। हड़ताल में उपभोक्ता भंडार, स्व-सहायता समूह और मार्केटिंग सोसायटी से जुड़ी सभी राशन दुकानें भी शामिल हैं। हालांकि जिला प्रशासन का कहना है कि अभी जिले में राशन वितरण पूरी तरह प्रभावित नहीं हुआ है और जरूरत पड़ने पर वैकल्पिक व्यवस्था बनाई जाएगी।

7 अक्टूबर तक बंद रहेंगी पीडीएस की दुकानें



571 दुकानों से 2 लाख 63 हजार पात्र कार्डधारियों को मिलता है राशन

रायसेन जिले में कुल 571 शासकीय राशन दुकानें हैं। इनके माध्यम से करीब 3 लाख राशन कार्डधारी परिवारों को हर माह खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाता है। इनमें 113 दुकानें कृषक सेवा सहकारी समितियों से संचालित हैं, जबकि बाकी राशन दुकानें उपभोक्ता भंडार, स्व-सहायता समूह और मार्केटिंग सोसायटियों के माध्यम से संचालित होती हैं। हड़ताल का सीधा असर मुख्य रूप से इन्हीं दुकानों के उपभोक्ताओं पर पड़ रहा है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार रायसेन जिले में हर महीने बड़ी मात्रा में खाद्यान्न का वितरण किया जाता है। इसमें करीब 35 हजार क्विंटल चावल, और 30,000 क्विंटल गेहूं का वितरण प्रतिमाह होता है। वहीं 27 हजार क्विंटल नमक वितरण होता है। ऐसे में हड़ताल लंबी खिंचने पर राशन वितरण व्यवस्था पर दबाव बढ़ सकता है।

त्योहार में बढ़ सकती है परेशानी

अक्टूबर में त्यौहारों का सीजन शुरू हो चुका है। ऐसे समय में बड़ी संख्या में गरीब और जरूरतमंद परिवार सरकारी राशन पर निर्भर रहते हैं। राशन दुकानें बंद रहने से उन्हें तय समय पर खाद्यान्न नहीं मिल पाने की चिंता है। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में वैकल्पिक दुकान तक पहुंचना भी कई गरीब जरूरतमंद परिवारों के लिए मुश्किल हो सकता है। हालांकि वर्तमान में कृषक सेवा सहकारी समितियों की राशन दुकानों से वितरण जारी रहने के कारण विभाग को उम्मीद है कि व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित नहीं होगी। लेकिन यदि हड़ताल बढ़ती है तो उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ना तय माना जा रहा है।

नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान

राशन दुकानों के विक्रेताओं की ओर से 1 नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान भी किया गया है। यदि सरकार और राशन विक्रेताओं के बीच मांगों को लेकर सहमति नहीं बनती है तो आगामी नवंबर महीने से स्थिति और गंभीर हो सकती है। ऐसी स्थिति में जिले की बड़ी संख्या में राशन दुकानों पर वितरण प्रभावित होने की आशंका है। जिला आपूर्ति अधिकारी राजू कातुलकर ने कहा कि फिलहाल जिले में हितग्राहियों को राशन वितरण प्रभावित होने की स्थिति नहीं है। जरूरत पड़ी तो वैकल्पिक व्यवस्था बनाई जाएगी। चिंता की कोई बात नहीं है।

इनका कहना है...

फिलहाल जिले की सभी राशन दुकानों की हड़ताल 7 अक्टूबर तक बंद रखने का ऐलान किया है। अगर सरकारों ने उनकी पांच सूत्रीय जायज मांगों का निराकरण नहीं किया तो ऐसी स्थिति में आगामी एक नवंबर से राशन दुकानें अनिश्चितकालीन बंद रखी जाएंगी।

मुकेश धाकड़, राशन विक्रेता संघ जिलाध्यक्ष रायसेन

सांची की पहाड़ी पर घूम रहा तेंदुआ पिंजरे में कैद

20 दिन की निगरानी के बाद पकड़ में आया, वन विहार भोपाल भेजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

विश्व बौद्ध धरोहर स्थल सांची की पहाड़ी माची में पिछले एक महीने से डर एवं दहशत का सबब बना तेंदुआ आखिरकार वन विभाग के पिंजरे में कैद हो गया। सोमवार देर रात करीब 2 बजे तेंदुआ पिंजरे में घुसा। मंगलवार सुबह वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर पिंजरे को कब्जे में लिया और तेंदुए को वन विहार भोपाल के लिए रवाना किया।

वन महकमे के डीएफओ प्रतिभा शुक्ला एसडीओ रजनीश शुक्ला डिप्टी रेंजर सर्जन सिंह मीणा से मिली जानकारी के अनुसार सांची स्तूप, माची क्षेत्र और पहाड़ी के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले एक महीने से तेंदुए की चहलकदमी देखी जा रही थी। कई बार रात के समय सीसीटीवी कैमरों में तेंदुआ कैद हुआ था। सुबह-शाम घूमने जाने वाले और पहाड़ी पर रहने वाले ग्रामीणों ने भी तेंदुए को देखा। इसके बाद से क्षेत्र में दहशत का माहौल था। देश विदेश के पर्यटकों की सुरक्षा को लेकर भी वन विभाग और पुरातत्व विभाग चिंतित था।

20 दिन पहले लगाए थे दो पिंजरे

तेंदुए की लगातार मूवमेंट को देखते हुए रायसेन वन मंडल सर्किल रायसेन ने 20 दिन पहले रणनीति बनाई थी। सांची की पहाड़ी पर दो अलग-अलग स्थानों पर पिंजरे लगाए गए थे। पिंजरों में बकरे को चारे के रूप में रखा गया था। वन विभाग की टीम पिछले 20 दिनों से लगातार रात में गश्त और निगरानी कर रही थी। ट्रैप कैमरे भी लगाए गए थे। ताकि तेंदुए की लोकेशन ट्रेस की जा सके।

ग्रामीणों ने ली अब राहत की सांस

तेंदुए के पकड़े जाने के बाद सांची के ग्रामीणों और पर्यटन से जुड़े लोगों ने राहत की सांस ली है। वन विभाग ने बताया कि पहाड़ी पर अभी भी निगरानी जारी रहेगी। लोगों से अपील की गई है कि रात के समय पहाड़ी और खेतों पर अकेले न जाएं और किसी भी वन्य प्राणी के दिखने पर तुरंत वन विभाग को सूचना दें।

सोमवार रात पिंजरे में फंसा

सोमवार रात तेंदुआ आखिरकार पिंजरे में आ ही गया। पिंजरे में घुसते ही गेट बंद हो गया। सुबह ग्रामीणों ने पिंजरे में तेंदुए को कैद देखा तो वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही एसडीओ रजनीश शुक्ला, वन रेंजर प्रवेश पाटीदार डिप्टी सर्जन सिंह मीणा सहित वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचा। वन विभाग ने मौके पर ही पशु चिकित्सक को बुलाकर तेंदुए का प्राथमिक स्वास्थ्य परीक्षण कराया। परीक्षण में तेंदुआ पूरी तरह स्वस्थ पाया गया। अनुमान है कि तेंदुए की उम्र करीब 3 से 4 साल है। इसके बाद वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर उसे सुरक्षित रूप से वन विहार राष्ट्रीय उद्यान भोपाल भेज दिया गया। जहां उसे कुछ दिन निगरानी में रखा जाएगा और फिर जंगल में छोड़ा जाएगा।

मतदाता सूची में नाम जोड़ने 7 को सभी पोलिंग बूथों पर लगेंगे शिविर



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

एसआईआर के तहत नाम काटे गए मतदाताओं के नाम अब फिर से जोड़े जाएंगे। उनके लिए यह राहत और खुशी देने वाली खबर खबर है। मतदाता सूची में नाम जुड़वाने से वंचित रह गए लोगों और पहली बार मतदान करने वाले युवा मतदाताओं के लिए बुधवार, 7 अक्टूबर को जिले के सभी मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर लगाए जाएंगे। दरअसल निर्वाचन आयोग के निर्देश पर आयोजित इन शिविरों में पात्र मतदाता मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकेंगे। वोटरों को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए फार्म-6 के माध्यम से आवेदन फिर से करना होगा। खास बात यह है कि आवेदन के साथ मतदाताओं को किसी तरह का घोषणा पत्र लगाने की आवश्यकता नहीं होगी। जिला प्रशासन ने पात्र मतदाताओं से शिविर का लाभ उठाकर मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने की अपील की है।

इन मतदाताओं को मिलेगा मौका

विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद भी जिन पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं हो पाए हैं। इसीलिए वे 7 अक्टूबर को अपने मतदान केंद्र पर पहुंचकर आवेदन कर सकेंगे। इसके साथ ही पहली बार मतदान के लिए पात्र हुए युवा भी फार्म-6 भरकर मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वा सकते हैं। जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज होने से वंचित न रहे। इसके लिए मतदान केंद्र स्तर पर शिविर लगाकर आवेदन लेने की व्यवस्था की गई है।

वीसी के जरिए अधिकारियों को दिए निर्देश

इस संबंध में मंगलवार को राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा सहित जिला अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों को विशेष शिविरों के दौरान छूटे हुए मतदाताओं और पहली बार मतदाता बनने वाले युवाओं के नाम जोड़ने की प्रक्रिया को सुचारू रूप से पूरा कराने के निर्देश दिए गए। कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित वीसी कक्ष में कलेक्टर विश्वकर्मा उप जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज उपाध्याय एसडीएम मनीष शर्मा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने शिविरों की तैयारियों और मतदाता सूची में नाम जोड़ने की प्रक्रिया को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश प्राप्त किए।

साईंखेड़ा में बिजली संबंधी समस्याओं का हुआ समाधान

शिविर में 10 घरेलू और 4 कृषि पंप कनेक्शन की प्रक्रिया पूरी, बिल व तकनीकी समस्याओं का भी निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

विद्युत उपभोक्ताओं को घर के पास ही सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बिजली कंपनी द्वारा संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत चिन्हित गांवों में शिविर लगाकर उपभोक्ताओं की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को तहसील के ग्राम साईंखेड़ा में बिजली कंपनी के सिलवानी कार्यालय के सहायक प्रबंधक धर्मेंद्र सिंह ठाकुर की विशेष उपस्थिति में शिविर लगाया गया।

शिविर में पहुंचे ग्रामीणों को बिजली कंपनी की योजनाओं और सेवाओं की जानकारी विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों ने दी। शिविर में आवेदन प्राप्त होने के बाद 10 घरेलू विद्युत



कनेक्शन देने की प्रक्रिया पूरी की गई। वहीं 4 कृषि पंप कनेक्शन के प्रकरणों का भी निराकरण किया गया। इसके अलावा तकनीकी समस्या से जुड़े 3 आवेदनों का समाधान किया गया। बिजली बिल संबंधी 4 शिकायतों का भी मौके पर निराकरण किया गया। इस दौरान उपभोक्ताओं द्वारा 50 हजार रुपए की बकाया राशि जमा कराई गई। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत भी आवेदन प्राप्त किया गया। अधिकारियों ने ग्रामीणों को योजना का लाभ लेने की प्रक्रिया और आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी। शिविर में सहायक राजस्व अधिकारी रजत सोनी, केशव रघुवंशी, परीक्षण सहायक गुलाब सिंह भवेदी, लाइनमैन अनिल परते, मीटर रीडर राजेंद्र अहिरवार और लाइन हेल्पर करण सिंह सहित बिजली कंपनी के कर्मचारी मौजूद रहे। ग्रामीणों ने गांव में शिविर आयोजित करने की पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविरों से बिजली कार्यालय के चक्कर लगाने से राहत मिलती है और समस्याओं का स्थानीय स्तर पर जल्द समाधान हो जाता है। ग्रामीणों ने समय.समय पर गांवों में इस तरह के शिविर आयोजित करने की आवश्यकता भी बताई।

राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए 15 सदस्य का दल रीवा रवाना



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

70वीं राज्य स्तरीय हैंडबॉल क्रीडा प्रतियोगिता के लिए 17 वर्ष बालक एवं बालिका वर्ग बरेली के 15 खिलाड़ी एवं ऑफिशल रीवा रवाना हुआ। टीम में धर्मेंद्र अहिरवार सत्यम लोधी आयुष दक्षेस पार्थ सोनी विवेक राजपूत एवं ज्योति चौरसिया रुक्मणी ठाकुर प्राची पटेल कृतिका साहू धुर्वा धाकड़ एवं टीम के साथ विवेक तिवारी राजेश ठाकुर सुमित मांझी रवाना हुए। ब्लॉक कीड़ा अधिकारी अरविंद जरिया ने बताया कि प्रतियोगिता 5 से 10 अक्टूबर तक रीवा में आयोजित होगी। बरेली के खिलाड़ी भोपाल संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे चयनित खिलाड़ियों को रायसेन जिला हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष एवं राज्य मंत्री लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ,जिला शिक्षा अधिकारी निर्मल नंदन तिवारी, प्राचार्य के के बानी, जिला क्रीड़ा अधिकारी राजेश यादव ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

हजारों श्रावकों ने किया खोना वाले बाबा आदिनाथ का अभिषेक

पांच दिवसीय महामस्तकाभिषेक कार्यक्रम का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

खरगोन में हो रहे खोना वाले बाबा श्री आदिनाथ भगवान के मस्तकाभिषेक महोत्सव का मंगलवार को समापन हुआ। भक्तों के उत्साह और आस्था को देखते हुए त्रिदिवसीय कार्यक्रम को पांचदिवसीय कार्यक्रम में पूज्य मुनि संघ के आशीर्वाद से परिवर्तित कर दिया गया। समूचे कार्यक्रम में 2500 से अधिक श्रावको ने श्री खोना वाले बाबा का मस्तकाभिषेक करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। अंतिम दिवस के कार्यक्रम कि शुरुआत भक्तामर विधान के साथ हुई जिसमे भक्तो से श्रद्धा से अर्घ समर्पित किये। इसके बाद पूज्य विमल सागर जी ने धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि 5 दिन का कार्यक्रम भले हमारे सानिध्य में आपकी दृष्टि में



हुआ हो किन्तु इसके पीछे पूज्य आचार्य समय सागर जी महाराज का आशीर्वाद ही है जिसने इस उत्सव को महोत्सव बनाया।

खोना वाले बड़े बाबा की कृपा, समिति का प्रयास और आचार्य भगवन के आशीर्वाद से ही यह कार्यक्रम निर्विघ्न एवं आनंदमय रूप से संपन्न हो पाया है। हज़ारों भक्तो ने बड़े बाबा का अभिषेक किया अब हमें अपने पुण्य में वृद्धि की अधिक आवश्यकता है जिससे खोना वाले बाबा उच्चासन पर विराजमान हो सके।मुनि श्री ने आगे कहा कि वह भव्यात्मा जीव होंगे जिन्होंने हज़ारों वर्ष पूर्व श्री जी की स्थापना की होगी अब आपका पुण्य है जो आप चतुर्थकालीन प्रतिमा का दर्शन पूजन और अभिषेक कर रहे हो, आगे और पीढ़ियां गुजर जाएगी किन्तु खोना वाले बाबा की कीर्ति सम्पूर्ण विश्व में फैलती रहेगी। अहंकार का त्याग-आवश्यक है कि जीव अहंकार का त्याग करके सौभाग्य को प्राप्त करने में अपनी पूंजी का प्रयोग करे जो इस लोक में ही नही सभी लोको में पुण्य का सुख देने वाला है।समिति के सदस्यों ने महाराज श्री के चरणों में निवेदन करते हुए कार्यक्रम में जाने अनजाने में जो भी गलतियां हुई उस हेतु क्षमा मांगी एवं महाराज श्री से और समय खरगोन में व्यतीत करने हेतु आग्रह किया। अंतिम दिवस के कार्यक्रम में पुनः भक्तो की भीड़ श्री जी का अभिषेक करने उमड़ी और हजारो श्रावकों ने 1008 कलशो से रिद्धिमंत्रो से श्री जी का मस्तकाभिषेक किया।मुनि श्री विमल सागर जी महाराज को आहार देने का सौभाग्य अनिल जैन परिवार खरगोन एवं अनंत सागर जी महाराज को आहार देने का सौभाग्य रुपेश जैन परिवार खरगोन को प्राप्त हुआ। अंत में समिति ने समस्त कार्यकर्त्ताओ का सम्मान एवं आभार ज्ञापित किया।

रानी दुर्गावती के शौर्य और आदर्शों को आत्मसात करने का लिया संकल्प

गोंडी संस्कृति, भाषा और परंपराओं के संरक्षण पर जोर, बालिकाओं के गोंडी नृत्य ने बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

तहसील के मुआर खैरो दाई टेकरी में सोमवार को गोंडवाना साम्राज्य की वीरांगना रानी दुर्गावती मड़ावी की जयंती उत्साह के साथ मनाई गई। समारोह में सगा बिडार, सगा-पाड़ी, प्रबुद्धजन और बड़ी संख्या में सगा समाज के लोगों ने सहभागिता की। जयंती पर समाजजनों ने रैली निकाली। बाजार चौक पहुंचने पर सतरंगी गोंडी ध्वज फहराया गया। समाजजनों ने रानी दुर्गावती के शौर्य, साहस, स्वाभिमान और सामाजिक योगदान को याद कर उनके आदर्शों को जीवन में उतारने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत गोंडी भूमका रामस्वरूप पुर्ते ने प्रकृति शक्ति फड़ापेन का गोगो पाटा एवं सुमरनी पाटा कर की। इसके बाद अतिथियों का गोंडी परंपरा के अनुसार स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि राजा कुंवर धर्मवीर सिंह रहे। अज्जुद्दी भल्लावी, नेहा अर्मा, उर्मिला दिवारे, सरस्वती इमने सहित अन्य अतिथियों ने विचार रखे। वक्ताओं ने कहा कि रानी दुर्गावती का जीवन संघर्ष, नेतृत्व और स्वाभिमान की प्रेरणा देता है। समाज में महिलाओं की भूमिका और नेतृत्व बढ़ाने के साथ गोंडी भाषा, बोली, संस्कृति और पुरखा परंपराओं के संरक्षण की आवश्यकता बताई। युवाओं को शिक्षा, उच्च



शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं और रोजगार के अवसरों से जोड़ने पर जोर दिया गया। नशामुक्ति, सामाजिक एकता और आपसी सहयोग का संदेश भी दिया गया।

कार्यक्रम में ग्रामसभा की भूमिका, संवैधानिक अधिकार, वनाधिकार कानून और पांचवीं अनुसूची के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर भी चर्चा हुई। युवाओं के पलायन, जमीन और संस्कृति से जुड़ाव तथा सोशल मीडिया के सकारात्मक उपयोग पर विचार रखे गए। गोंड समाज की विशिष्ट पहचान और संस्कृति के संरक्षण में नई पीढ़ी की भागीदारी को जरूरी बताया गया। कार्यक्रम में बालिकाओं ने गोंडी नृत्य-गीत की प्रस्तुति दी, जिसने सभी का ध्यान आकर्षित किया। मंच संचालन रश्मि धुर्वे ने किया। बांकेबिहारी उइके ने आभार माना। आयोजन में क्षेत्र के सगा समाजजन बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

नपा के अंदर ढोल बजाकर शासकीय काम में बाधा डालने का आरोप

शहर के कुछ लोगों के वीडियो पर बयानबाजी से नाराज नपा कर्मचारियों ने प्रशासन को दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

नगर पालिका परिषद में टैक्स वसूली को लेकर शुरू हुआ विवाद अब कलेक्ट्रेट की जनसुनवाई तक पहुंच गया है। मंगलवार को दोपहर नगर पालिका के कर्मचारी जनसुनवाई में पहुंचे और कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा के नाम डिप्टी कलेक्टर रोहित लोधी को ज्ञापन सौंपकर नगर पालिका परिसर में ढोल बजाने वाले लोगों के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की। नपा अधिकारी कर्मचारियों का आरोप है कि सोमवार को कुछ लोगों ने नगर पालिका कार्यालय के अंदर ढोल बजाकर शासकीय कार्य में बाधा डालने का प्रयास किया। घटना के बाद कर्मचारियों में भय और दहशत व असुरक्षा का माहौल है।

नपा कर्मचारियों ने ज्ञापन में कहा कि नगर पालिका द्वारा नियमानुसार बकायादारों से टैक्स की वसूली की जा रही है। इसके लिए नपा अधिकारी कर्मचारियों द्वारा घर-घर और



दुकानों पर पहुंचकर बकाया टैक्स जमा करने की अपील की जा रही है। इसी दौरान नगर पालिका द्वारा ढोल बजाकर बकायादारों को टैक्स जमा करने के लिए जागरूक भी किया जा रहा है। नपा अधिकारी कर्मचारियों के मुताबिक, इसी कार्रवाई के विरोध में कुछ लोग नगर पालिका कार्यालय पहुंचे और वहां ढोल बजाकर विरोध किया।

नपा कर्मचारियों ने कहा- कार्यालय में काम करना मुश्किल

नगर पालिका अधिकारी कर्मचारियों का कहना है कि कार्यालय परिसर में इस तरह विरोध प्रदर्शन और ढोल बजाने से कर्मचारियों में दहशत, डर का माहौल बन रहा है। उन्होंने जिला व पुलिस प्रशासन से मांग की कि शासकीय कार्यालय में इस तरह की गतिविधियों को रोकने के साथ ही शासकीय कार्य में बाधा डालने वालों पर नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाए। नगर पालिका से स्वच्छता प्रभारी शशिकांत मोहोड़ ने कहा कि नगर पालिका द्वारा टैक्स की वसूली की जा रही है। यह नगर पालिका का नियमित काम है। टैक्स वसूली का विरोध करने के नाम पर कार्यालय में आकर शासकीय कार्य में बाधा डालना उचित नहीं है। इससे कर्मचारियों में डर,भय का माहौल बन रहा है।

प्रशासन ने कहा- वरिष्ठ अधिकारियों को देंगे जानकारी

डिप्टी कलेक्टर रोहित लोधी ने कहा कि नगर पालिका अधिकारी कर्मचारियों द्वारा ज्ञापन दिया गया है। कर्मचारियों ने नगर पालिका परिसर में हुई घटना के संबंध में कार्रवाई की मांग की है। मामले से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा और नियमानुसार उचित कार्रवाई की जाएगी।

टैक्स जमा करना नागरिकों की जिम्मेदारी

शहरी आजीविका मिशन की जिला कॉर्डिनेटर रानी तिवारी ने कहा कि नपा को टैक्स की वसूली करना ही है। लोगों को टैक्स जमा करने में आपत्ति नहीं होनी चाहिए। बल्कि नागरिकों को आगे आकर बकाया टैक्स जमा करना चाहिए। ताकि नगर में विकास कार्यों के लिए नपा के पास पर्याप्त राशि उपलब्ध हो सके।